पहल हनुमतधाम आश्रय स्थल में डीएम ने स्वयं परखी खाने की गुणवत्ता

सामुदायिक रसोई शुरू, बांटे लंच पैकेट

संवाद न्यूज एजेंसी

शाहजहांपुर। कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत हनुमतधाम आश्रय स्थल में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह एवं नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने सामुदायिक रसोई का शुभारंभ किया। इस मौके पर डीएम, एसपी और नगर आयुक्त ने हनुमतधाम स्थित रैन बसेरा में नगर निगम की ओर से प्रवासी व्यक्तियों के लिए संचालित किए गए कम्यूनिटी किचन में खाने की गुणवत्ता को परखा गया व खाने की गुणवत्ता को संतोषजनक पाया।

इस दौरान डीएम, एसपी एस आनंद और नगर आयुक्त ने रैन बसेरे में उपस्थित प्रवासी व्यक्तियों को खाना वितरण किया। कम्यूनिटी किचन की ओर से प्रवासी व्यक्तियों को 250 लंच पैकेट बांटे गए।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने रैन बसेरे में उपस्थित लोगों से कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करने व फेस मास्क का उपयोग करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान डीएम इन्द्र विक्रम सिंह, एसपी एस. आनन्द, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, मुख्य अभियंता दिनेश चंद्र सचान एवं हनुमतधाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के उपरांत नगर आयुक्त ने हनुमतधाम के बैक गेट पर अखाड़े की तरफ पानी भरा हुआ पाया जिसको देखकर नाराजगी जताई। उन्हें बताया गया कि पानी का ढाल न होने के कारण पानी नहीं निकल पाता है। नगर आयुक्त ने सीएनडीएस को कार्रवाई के लिए कहा।

शाहजहांपुर में नगर निगम के सामुदायिक किचन में भोजन को खाकर चेक करते डीएम इंद्र विक्रम ,एसपी एस आनंद तथा नगर आयुक्त संतोष शर्मा। संवाद